आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 12.04.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है।
- केंद्र सरकार ने कहा है कि उर्वरक संयंत्रों को आवंटित कुल गैस की मात्रा में 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। इससे यह 6 महीने की औसत खपत के लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नशे को समाज की सबसे बड़ी बुराई बताते हुए कहा कि इससे लड़ने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।
- और, हरिद्वार में नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी, विभिन्न घाट क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाए गए। ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों।

लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे महिला आरक्षण कानून के मुद्दे पर सहमति व्यक्त करें। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है। संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा दी गई है और तीन दिन का विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी जिसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था।

पीएनजी कनेक्शन

केंद्र सरकार ने कहा है कि उर्वरक संयंत्रों को आवंटित कुल गैस की मात्रा में 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। इससे यह 6 महीने की औसत खपत के लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि मार्च से अब तक लगभग 4 लाख 15 हजार पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जबकि लगभग 4 लाख 55 हजार अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। 26 हजार से अधिक पीएनजी उपभोक्ताओं ने माई.पी.एन.जी.डी डॉट इन डल्च्छळक.पद वेबसाइट से अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किए हैं। सरकार ने बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देश भर में कार्रवाई जारी है। कार्रवाई के अंतर्गत शुक्रवार को 3,400 से अधिक छापे मारे गए। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 214 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 55 अन्य को निलंबित कर दिया है। इसके अतिरिक्त, देश भर में 5 किलो के लगभग एक लाख एलपीजी सिलेंडर बेचे गए। 23 मार्च से अब तक छात्रों और प्रवासी श्रमिकों को 12 लाख से अधिक 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री की जा चुकी हैं।

हरिद्वार

हरिद्वार में 24वीं उत्तराखण्ड अन्तर्जनपदीय–वाहिनी पुलिस वॉलीबॉल एवं सेपक टाकरा प्रतियोगिता का समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में पुलिस और वाहिनी टीमों ने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में देहरादून की टीम ने फाइनल मुकाबले में हरिद्वार को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हरिद्वार की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में हरिद्वार की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, पौड़ी, टिहरी, देहरादून और हरिद्वार सहित विभिन्न जिलों की कुल 14 टीमों के 218 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि आपसी समन्वय और राष्ट्रीय एकता की भावना भी मजबूत होती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

नैनीताल जिले के हल्द्वानी के एमबी मैदान में 'ड्रग्स फ्री उत्तराखंड' अभियान के तहत जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार हर स्तर पर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने नशे को समाज की सबसे बड़ी बुराई बताते हुए कहा कि इससे लड़ने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

हरिद्वार

हरिद्वार में नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। पांचवें दिन भी शहर के विभिन्न घाट क्षेत्रों में सघन कार्रवाई की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण हटाए गए। नगर निगम की टीम ने अलकनंदा घाट, बिरला घाट, विष्णु घाट, हाथी पुल और सुभाष घाट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए 30 से अधिक अवैध अतिक्रमण हटाए। इसके साथ ही 20 से अधिक अवैध ठेलियों को हटाकर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान टीम ने तीन ट्रॉली प्लास्टिक कैन जब्त किए, जबकि 200 से अधिक प्लास्टिक कैन मौके पर ही नष्ट किए गए। इस कार्रवाई से गंगा घाटों की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने में अहम योगदान मिला है। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पंतनगर विश्वविद्यालय

पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 23 छात्रावास के 332 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग की 18 प्रति स्पर्धा में 193 छात्रों ने जबकि महिला वर्ग की 13 प्रतिस्पर्धा में 139 छात्राओं ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में एम जे भवन के छात्रों ने 50 अंक अर्जित कर चैंपियनशिप जीती जबकि महिला वर्ग में मंदाकिनी भवन की छात्राओं ने 37 अंक अर्जित कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा गोविंद सिंह बोहरा ने बताया विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस तैयार कर उन्हें विभिन्न राज्यों से उत्तराखंड में रजिस्टर्ड कराने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से एक फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद किया गया है।

एसटीएफ के अनुसार, यह कार्रवाई 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत की गई, जिसमें बाहरी राज्यों से फर्जी तरीके से शस्त्र लाइसेंस तैयार कर फर्जी एनओसी के आधार पर प्रदेश में दर्ज कराए जाने की शिकायतों की जांच की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि इस नेटवर्क के माध्यम से बाहरी राज्यों से फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाकर उन्हें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वैध रूप से दर्ज कराने की साजिश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।